मैं तो तेरी हो गई मात दुनिया क्या जाने

मैं तो तेरी हो गई मात दुनिया क्या जाने,
क्या जाने कोई क्या जाने,
मैं तो तेरी हो गई मात दुनिया क्या जाने....

जब से लगाई तेरे नाम की जय कारे,
गम के बादल छट गए सारे,
हुई अमृत की बरसात दुनिया क्या जाने,
मैं तो तेरी हो गई मात दुनिया क्या जाने....

जब से ओढ़ी तेरे नाम की चुनरिया,
दुनिया कहे मैं तो हो गई रे बावरिया,
मैं नाचूं तेरे द्वार दुनिया क्या जाने,
मैं तो तेरी हो गई मात दुनिया क्या जाने....

जब से पहने तेरे नाम की कंगना,
कब आओगी मैया मेरे अंगना,
मैं तो देखूं तेरी बाट दुनिया क्या जाने,
मैं तो तेरी हो गई मात दुनिया क्या जाने....

जब से पहनी तेरे नाम की पायल,
नाचत नाचत मेरे पैर हुए घायल,
हुई चढ़ने में परेशान दुनिया क्या जाने,
मैं तो तेरी हो गई मात दुनिया क्या जाने....

तेरी हूं मैं तेरी रहूंगी,
दुनिया के बोल अब नहीं सहुगी,
मैंने छोड़ दिया संसार दुनिया क्या जाने,
मैं तो तेरी हो गई मात दुनिया क्या जाने....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26785/title/main-to-teri-ho-gayi-maat-duniya-kya-jaane

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |